फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

— अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम

— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 33/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 31.08.2021

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम द्वारा जरिये क्रमांकः RTI /2021/1560 दिनांक 27.08.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार बिन्दु संख्या 01 तहसील क्षेत्र भीम में कुल पटवार सर्किल 33 हैं। जिसमें आप द्वारा कुओं की संख्या चाही गई जिस हेतु श्रीमान राजस्थान सरकार योजना भवन जयपुर के आदेशानुसार छठी लघु सिंचाई गणना एवं जल निकायों की गणना वर्ष 2017–2018 में तहसील क्षेत्र में की गई जिस अनुसार कुल कुओं की संख्या 6240 हैं। बिना मुंडेर के कुओं की संख्या उपलब्ध करवाना अपेक्षित नही हैं। बिन्दु संख्या 03 से 06 में अन्तिम तक तहसील भीम से सम्बन्धित नही होने से उपलब्ध करवाना अपेक्षित नही हैं।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्टानुसार प्रार्थी/अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध करवाना अपेक्षित नही होने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द